एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

विक्रम संवत 2083 | बरेली | बुधवार, 8 अप्रैल 2026, वर्ष

PAGE NO. III, MIDDLE

एसआरएमएस में हुआ एचपीवी टीकाकरण

बरेली, अमृत विचारः विश्व स्वास्थ्य दिवस पर श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में एचपीवी टीकाकरण की शुरुआत की गई। टीकाकरण क्लिनिक में पांच किशोरियों को निशुल्क टीका लगाया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह ने कहा, भूल न जाना, एचपीवी वैक्सीन जरूर लगवाना। बताया कि आईसीएमआर के नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम 2024 के अनुसार, देश में हर साल लगभग 78 हजार नए सर्वाइकल कैंसर के मामले सामने आते हैं, जिनमें से 42 हजार से अधिक महिलाओं की मृत्यु हो जाती है। करीब 99% मामलों का कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस है, जिसे वैक्सीन से रोका जा सकता है। बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ. वंदना नेगी ने किशोरियों के लिए समय पर टीकाकरण को जरूरी बताया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन के अनुसार, जनपद में 1145 किशोरियों का टीकाकरण हो चुका है।